राजस्थान भारती प्रकाशन

जिनहर्ष ग्रन्थावली

सम्पादक

अगरचन्द नाहटा

प्रकाशक

सादूल राजस्थानी रिसर्च इन्स्टीट्यूट

बीकानेर

प्रथम संस्करण　　सं० २०१८　　मूल्य ६)

प्रकाशक

लालचन्द कोठारी

सादूल राजस्थानी रिसर्च इन्स्टीट्यूट

बीकानेर

●

मुद्रक

रैफिल आर्ट प्रेस,

३१, बड़तल्ला स्ट्रीट,

कलकत्ता ७

फोन ३३ ७९२३

प्रकाशकीय

श्री सादूल राजस्थानी रिसर्च-इन्स्टीट्यूट बीकानेर की स्थापना सन् १९४४ में बीकानेर राज्य के तत्कालीन प्रधान मन्त्री श्री के० एम० पणिक्कर महोदय की प्रेरणा से, साहित्यानुरागी बीकानेर-नरेश स्वर्गीय महाराजा श्री सादूलसिंहजी बहादुर द्वारा संस्कृत, हिन्दी एवं विशेषत: राजस्थानी साहित्य की सेवा तथा राजस्थानी भाषा के सर्वांङ्गीण विकास के लिये की गई थी।

भारतवर्ष के सुप्रसिद्ध विद्वानों एवं भाषाशास्त्रियों का सहयोग प्राप्त करने का सौभाग्य हमें प्रारम्भ से ही मिलता रहा है।

संस्था द्वारा विगत १६ वर्षों से बीकानेर में विभिन्न साहित्यिक प्रवृत्तियां चलाई जा रही हैं, जिनमें से निम्न प्रमुख है—

१. विशाल राजस्थानी-हिन्दी शब्दकोश

इस सम्बन्ध में विभिन्न स्रोतों से संस्था लगभग दो लाख से अधिक शब्दों का संकलन कर चुकी है। इसका सम्पादन आधुनिक कोशों के ढंग पर, लंबे समय से प्रारम्भ कर दिया गया है और अब तक लगभग तीस हजार शब्द सम्पादित हो चुके हैं। कोश में शब्द, व्याकरण, व्युत्पत्ति, उसके अर्थ और उदाहरण आदि अनेक महत्वपूर्ण सूचनाएं दी गई हैं। यह एक अत्यन्त विशाल योजना है, जिसकी सन्तोषजनक क्रियान्विति के लिये प्रचुर द्रव्य और श्रम की आवश्यकता है। आशा है राजस्थान सरकार की ओर से, प्रार्थित द्रव्य-साहाय्य उपलब्ध होते ही निकट-भविष्य में इसका प्रकाशन प्रारम्भ करना सम्भव हो सकेगा।

२. विशाल राजस्थानी मुहावरा कोश

राजस्थानी भाषा अपने विशाल शब्द भंडार के साथ मुहावरों से भी समृद्ध है। अनुमानत: पचास हजार से भी अधिक मुहावरे दैनिक प्रयोग में लाये जाते हैं। हमने लगभग दस हजार मुहावरों का, हिन्दी मे अर्थ और राजस्थानी में उदाहरणों सहित प्रयोग देकर सम्पादन करवा लिया है और शीघ्र ही इसे प्रकाशित करने का प्रबन्ध किया जा रहा है। यह भी प्रचुर द्रव्य और श्रम-साध्य कार्य है।

यदि हम यह विशाल संग्रह साहित्य-जगत को दे सके तो यह संस्था के लिये ही नहीं किन्तु राजस्थानी और हिन्दी जगत के लिये भी एक गौरव की बात होगी।

३. आधुनिक राजस्थानी रचनाओं का प्रकाशन

इसके अंतर्गत निम्नलिखित पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं:—

१. **कळायण,** ऋतु काव्य। ले० श्री नानूराम संस्कर्ता।

२. **आभै पटकी,** प्रथम सामाजिक उपन्यास। ले० श्री श्रीलाल जोशी।

३. **वरस गांठ,** मौलिक कहानी संग्रह। ले० श्री मुरलीधर व्यास।

'राजस्थान-भारती' मे भी आधुनिक राजस्थानी रचनाओं का एक अलग स्तम्भ है, जिसमें भी राजस्थानी कवितायें, कहानियां और रेखाचित्र आदि छपते रहते हैं।

४. 'राजस्थान-भारती' का प्रकाशन

इस विख्यात शोधपत्रिका का प्रकाशन संस्था के लिये गौरव की वस्तु है। गत १४ वर्षों से प्रकाशित इस पत्रिका की विद्वानों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की है। बहुत चाहते हुए भी द्रव्याभाव, प्रेस की एवं अन्य कठिनाइयो के कारण, त्रैमासिक रूप से इसका प्रकाशन संभव नही हो सका है। इसका भाग ५ अंक ३-४ **'डा० लुइजि पिओ तैस्सितोरी विशेषांक'** बहुत ही महत्वपूर्ण एवं उपयोगी सामग्री से परिपूर्ण है। यह अंक एक विदेशी विद्वान की राजस्थानी साहित्य सेवा का एक बहुमूल्य सचित्र कोश है। पत्रिका का अगला ७वा भाग शीघ्र ही प्रकाशित होने जा रहा हैं। इसका अंक १-२ राजस्थानी के सर्वश्रेष्ठ महाकवि पृथ्वीराज राठोड का सचित्र और वृहत् विशेषाक हैं। अपने ढंग का यह एक ही प्रयत्न है।

पत्रिका की उपयोगिता और महत्व के संबंध मे इतना ही कहना पर्याप्त होगा कि इसके परिवर्तन मे भारत एव विदेशो से लगभग ८० पत्र-पत्रिकाएं हमे प्राप्त होती हैं। भारत के अतिरिक्त पाश्चात्य देशो में भी इसकी मांग है व इसके ग्राहक हैं। शोधकर्त्ताओ के लिये 'राजस्थान-भारती' अनिवार्यतः संग्रहणीय शोध-पत्रिका है। इसमें राजस्थानी भाषा, साहित्य, पुरातत्व, इतिहास, कला आदि पर लेखो के अतिरिक्त संस्था के तीन विशिष्ट सदस्य डा० दशरथ शर्मा, श्री नरोत्तमदास स्वामी और श्री अगरचंद नाहटा की वृहत् लेख सूची भी प्रकाशित की गई है।

५. राजस्थानी साहित्य के प्राचीन और महत्वपूर्ण ग्रन्थों का अनुसंधान, सम्पादन एवं प्रकाशन

हमारी साहित्य-निधि की प्राचीन, महत्वपूर्ण और श्रेष्ठ साहित्यिक कृतियों को सुरक्षित रखने एवं सर्वसुलभ कराने के लिये सुसम्पादित एवं शुद्ध रूप में मुद्रित करवा कर उचित मूल्य में वितरित करने की हमारी एक विशाल योजना है। संस्कृत, हिंदी और राजस्थानी के महत्वपूर्ण ग्रंथो का अनुसंधान और प्रकाशन संस्था के सदस्यों की ओर से निरंतर होता रहा है, जिसका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया जा रहा है—

६. पृथ्वीराज रासो

पृथ्वीराज रासो के कई संस्करण प्रकाश में लाये गये हैं और उनमें से लघुतम संस्करण का सम्पादन करवा कर उसका कुछ अंश 'राजस्थान-भारती' में प्रकाशित किया गया है। रासो के विविध संस्करण और उसके ऐतिहासिक महत्व पर कई लेख राजस्थान-भारती में प्रकाशित हुए हैं।

७. राजस्थान के अज्ञात कवि जान (न्यामतखां) की ७५ रचनाओं की खोज की गई। जिसकी सर्वप्रथम जानकारी 'राजस्थान-भारती' के प्रथम अंक में प्रकाशित हुई है। उनका महत्वपूर्ण ऐतिहासिक 'काव्य क्यामरासा' तो प्रकाशित भी करवाया जा चुका है।

८. राजस्थान के जैन संस्कृत साहित्य का परिचय नामक एक निबंध राजस्थान-भारती में प्रकाशित किया जा चुका है।

९. मारवाड़ क्षेत्र के ५०० लोकगीतो का संग्रह किया जा चुका है। बीकानेर एवं जैसलमेर क्षेत्र के सैकडो लोकगीत, घूमर के लोकगीत, बाल लोकगीत, लोरियाँ, और लगभग ७०० लोक कथाएँ संग्रहीत की गई हैं। राजस्थानी कहावतों के दो भाग प्रकाशित किये जा चुके हैं। जीणमाता के गीत, पाबूजी के पवाड़े और राजा भरथरी आदि लोक काव्य सर्वप्रथम 'राजस्थान-भारती' में प्रकाशित किए गए हैं।

१०. बीकानेर राज्य के और जैसलमेर के अप्रकाशित अभिलेखों का विशाल संग्रह 'बीकानेर जैन लेख संग्रह' नामक वृहत् पुस्तक के रूप में प्रकाशित हो चुका है।

११. जसवंत उद्योत, मुंहता नैणसी री ख्यात और अनोखी आन जैसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक ग्रंथो का सम्पादन एवं प्रकाशन हो चुका है।

१२. जोधपुर के महाराजा मानसिंहजी के सचिव कविवर उदयचन्द भंडारी की ४० रचनाओं का अनुसन्धान किया गया है और महाराजा मानसिंहजी की काव्य-साधना के सम्बन्ध में भी सबसे प्रथम 'राजस्थान भारती' में लेख प्रकाशित हुआ है।

१३. जैसलमेर के अप्रकाशित १०० शिलालेखों और 'भट्टि वंश प्रशस्ति' आदि अनेक अप्राप्य और अप्रकाशित ग्रंथ खोज-यात्रा करके प्राप्त किये गये हैं।

१४. बीकानेर के मस्तयोगी कवि ज्ञानसारजी के ग्रंथों का अनुसन्धान किया गया और ज्ञानसागर ग्रंथावली के नाम से एक ग्रंथ भी प्रकाशित हो चुका है। इसी प्रकार राजस्थान के महान विद्वान महोपाध्याय समयसुन्दर की ५६३ लघु रचनाओं का संग्रह प्रकाशित किया गया है।

१५. इसके अतिरिक्त संस्था द्वारा—

(१) डा० लुइजि पिओ तैस्सितोरी, समयसुन्दर, पृथ्वीराज और लोकमान्य तिलक आदि साहित्य-सेवियों के निर्वाण-दिवस और जयन्तियां मनाई जाती हैं।

(२) साप्ताहिक साहित्य गोष्ठियों का आयोजन बहुत समय से किया जा रहा है, इसमें अनेकों महत्वपूर्ण निबंध, लेख, कविताएं और कहानियां आदि पढ़ी जाती हैं, जिससे अनेक विध नवीन साहित्य का निर्माण होता रहता है। विचार विमर्श के लिये गोष्ठियो तथा भाषणमालाओं आदि के भी समय-समय पर आयोजन किये जाते रहे हैं।

१६. बाहर से ख्याति प्राप्त विद्वानों को बुलाकर उनके भाषण करवाने का आयोजन भी किया जाता है। डा० वासुदेवशरण अग्रवाल, डा० कैलाशनाथ काटजू, राय श्रीकृष्णदास, डा० जी० रामचन्द्रम्, डा० सत्यप्रकाश, डा० डब्लू० एलेन, डा० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या, डा० तिबेरिओ-तिबेरी आदि अनेक अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वानों के इस कार्यक्रम के अन्तर्गत भाषण हो चुके हैं।

गत दो वर्षों से महाकवि पृथ्वीराज राठौड़ आसन की स्थापना की गई है। दोनों वर्षों के आसन-अधिवेशनों के अभिभाषक क्रमशः राजस्थानी भाषा के प्रकाण्ड

विद्वान् श्री मनोहर शर्मा एम० ए०, बिसाऊ और पं० श्रीलालजी मिश्र एम० ए०, हूंडलोद थे।

इस प्रकार संस्था अपने १६ वर्षों के जीवनकाल में, संस्कृत, हिन्दी और राजस्थानी साहित्य की निरंतर सेवा करती रही है। आर्थिक संकट से ग्रस्त इस संस्था के लिये यह सम्भव नहीं हो सका कि यह अपने कार्यक्रम को नियमित रूप से पूरा कर सकती, फिर भी यदा कदा लड़खड़ा कर गिरते पड़ते इसके कार्यकर्त्ताओं ने 'राजस्थान-भारती' का सम्पादन एवं प्रकाशन जारी रखा और यह प्रयास किया कि नाना प्रकार की बाधाओं के बावजूद भी साहित्य सेवा का कार्य निरंतर चलता रहे। यह ठीक है कि संस्था के पास अपना निजी भवन नहीं है, न अच्छा संदर्भ पुस्तकालय है, और न कार्यालय को सुचारु रूप से सम्पादित करने के समुचित साधन ही हैं; परन्तु साधनों के अभाव में भी संस्था के कार्यकर्त्ताओं ने साहित्य की जो मौन और एकान्त साधना की है वह प्रकाश में आने पर संस्था के गौरव को निश्चित ही बढ़ा सकने वाली होगी।

राजस्थानी-साहित्य-भंडार अत्यन्त विशाल है। अब तक इसका अत्यल्प अंश ही प्रकाश में आया है। प्राचीन भारतीय वाङ्मय के अलभ्य एवं अनर्घ रत्नों को प्रकाशित करके विद्वज्जनों और साहित्यिकों के समक्ष प्रस्तुत करना एवं उन्हें सुगमता से प्राप्त करना संस्था का लक्ष्य रहा है। हम अपनी इस लक्ष्य पूर्ति की ओर धीरे-धीरे किन्तु दृढ़ता के साथ अग्रसर हो रहे हैं।

यद्यपि अब तक पत्रिका तथा कतिपय पुस्तकों के अतिरिक्त अन्वेषण द्वारा प्राप्त अन्य महत्वपूर्ण सामग्री का प्रकाशन करा देना भी अभीष्ट था, परन्तु अर्थाभाव के कारण ऐसा किया जाना सम्भव नहीं हो सका। हर्ष की बात है कि भारत सरकार के वैज्ञानिक संशोध एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम मन्त्रालय (Ministry of scientific Research and Cultural Affairs) ने अपनी आधुनिक भारतीय भाषाओं के विकास की योजना के अंतर्गत हमारे कार्यक्रम को स्वीकृत कर प्रकाशन के लिये १५०००) रु० इस मद में राजस्थान सरकार को दिये तथा राजस्थान सरकार द्वारा उतनी ही राशि अपनी ओर से मिलाकर कुल ३००००) तीस हजार की सहायता, राजस्थानी साहित्य के सम्पादन-प्रकाशन

हेतु इस संस्था को इस वित्तीय वर्ष में प्रदान की गई है; जिससे इस वर्ष निम्नोक्त ३१ पुस्तकों का प्रकाशन किया जा रहा है।

१. राजस्थानी व्याकरण—	श्री नरोत्तमदास स्वामी
२. राजस्थानी गद्य का विकास (शोध प्रबंध)	डा० शिवस्वरूप शर्मा अचल
३. अचलदास खीची री वचनिका—	श्री नरोत्तमदास स्वामी
४. हमीरायण—	श्री भंवरलाल नाहटा
५. पद्मिनी चरित्र चौपई—	,, ,, ,,
६. दलपत विलास—	श्री रावत सारस्वत
७. डिंगल गीत—	,, ,, ,,
८. पंवार वंश दर्पण—	डा० दशरथ शर्मा
९. पृथ्वीराज राठोड़ ग्रंथावली—	श्री नरोत्तमदास स्वामी और श्री बदरीप्रसाद साकरिया
१०. हरिरस—	श्री बदरीप्रसाद साकरिया
११. पीरदान लालस ग्रंथावली—	श्री अगरचंद नाहटा
१२. महादेव पार्वती वेलि—	श्री रावत सारस्वत
१३. सीताराम चौपई—	श्री अगरचंद नाहटा
१४. जैन रासादि संग्रह—	श्री अगरचंद नाहटा और डा० हरिवल्लभ भायाणी
१५. सदयवत्स वीर प्रबंध—	प्रो० मंजुलाल मजूमदार
१६. जिनराजसूरि कृतिकुसुमांजलि—	श्री भंवरलाल नाहटा
१७. विनयचंद कृतिकुसुमांजलि—	,, ,, ,,
१८. कविवर धर्मवर्द्धन ग्रंथावली—	श्री अगरचंद नाहटा
१९. राजस्थान रा दूहा—	श्री नरोत्तमदास स्वामी
२०. वीर रस रा दूहा—	,, ,, ,,
२१. राजस्थान के नीति दोहे—	श्री मोहनलाल पुरोहित
२२. राजस्थानी व्रत कथाएं—	,, ,, ,,
२३. राजस्थानी प्रेम कथाएं—	,, ,, ,,
२४. चंदायन—	श्री रावत सारस्वत

२५. मङ्गली—	श्री अगरचंद नहाटा और म:विनय सागर
२६. जिनहर्ष ग्रंथावली	श्री अगरचंद नाहटा
२७. राजस्थानी हस्त लिखित ग्रंथों का विवरण	,, ,,
२८. दम्पति विनोद	,, ,,
२९. हीयाली–राजस्थान का बुद्धिवर्धक साहित्य	,, ,,
३०. समयसुन्दर रासत्रय	श्री भंवरलाल नाहटा
३१. दुरसा आढा ग्रंथावली	श्री बदरीप्रसाद साकरिया

जैसलमेर ऐतिहासिक साधन संग्रह (संपा० डा० दशरथ शर्मा), ईशरदास ग्रंथावली (संपा० बदरीप्रसाद साकरिया), रामरासो (प्रो० गोवर्द्धन शर्मा), राजस्थानी जैन साहित्य (ले० श्री अगरचंद नाहटा), नागदमण (संपा० बदरीप्रसाद साकरिया) मुहावरा कोश (मुरलीधर व्यास) आदि ग्रंथों का संपादन हो चुका है परन्तु अर्थाभाव के कारण इनका प्रकाशन इस वर्ष नहीं हो रहा है।

हम आशा करते हैं कि कार्य की महत्ता एवं गुरुता को लक्ष्य में रखते हुए अगले वर्ष इससे भी अधिक सहायता हमें अवश्य प्राप्त हो सकेगी जिससे उपरोक्त संपादित तथा अन्य महत्वपूर्ण ग्रंथो का प्रकाशन संभव हो सकेगा।

इस सहायता के लिये हम भारत सरकार के शिक्षा विकास सचिवालय के आभारी हैं, जिन्होने कृपा करके हमारी योजना को स्वीकृत किया और ग्रान्ट-इन-एड की रकम मजूर की।

राजस्थान के मुख्य मंत्री माननीय मोहनलालजी सुखाड़िया, जो सौभाग्य से शिक्षा मत्री भी है और जो साहित्य की प्रगति एवं पुनरुद्धार के लिये पूर्ण सचेष्ट हैं, का भी इस सहायता के प्राप्त कराने मे पूरा-पूरा योगदान रहा है। अतः हम उनके प्रति अपनी कृतज्ञता सादर प्रगट करते हैं।

राजस्थान के प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षाध्यक्ष महोदय श्री जगन्नाथसिंहजी मेहता का भी हम आभार प्रगट करते हैं, जिन्होने अपनी ओर से पूरी-पूरी दिलचस्पी लेकर हमारा उत्साहवर्द्धन किया, जिससे हम इस वृहद् कार्य को सम्पन्न करने में समर्थ हो सके। संस्था उनकी सदैव ऋणी रहेगी।

इतने थोड़े समय में इतने महत्वपूर्ण ग्रन्थों का संपादन करके संस्था के प्रकाशन-कार्य में जो सराहनीय सहयोग दिया है, इसके लिये हम सभी ग्रन्थ सम्पादकों व लेखकों के अत्यन्त आभारी हैं।

अनूप संस्कृत लाइब्रेरी और अभय जैन ग्रन्थालय बीकानेर, स्व० पूर्णचन्द्र नाहर संग्रहालय कलकत्ता, जैन भवन संग्रह कलकत्ता, महावीर तीर्थक्षेत्र अनुसंधान समिति जयपुर, ओरियंटल इन्स्टीट्यूट बड़ोदा, भांडारकर रिसर्च इन्स्टीट्यूट पूना, खरतरगच्छ वृहद् ज्ञान भण्डार बीकानेर, एशियाटिक सोसाइटी बंबई, आत्माराम जैन ज्ञानभंडार बड़ोदा, मुनि पुण्यविजयजी, मुनि रमणिक विजयजी, श्री सीताराम लालस, श्री रविशंकर देराश्री, पं० हरिदत्तजी गोविंद व्यास जैसलमेर आदि अनेक संस्थाओं और व्यक्तियों से हस्तलिखित प्रतियां प्राप्त होने से ही उपरोक्त ग्रंथो का संपादन सम्भव हो सका है। अतएव हम इन सबके प्रति आभार प्रदर्शन करना अपना परम कर्त्तव्य समझते हैं।

ऐसे प्राचीन ग्रन्थों का सम्पादन श्रमसाध्य है एवं पर्याप्त समय की अपेक्षा रखता है। हमने अल्प समय में ही इतने ग्रन्थ प्रकाशित करने का प्रयत्न किया इसलिये त्रुटियों का रह जाना स्वाभाविक है। गच्छतः स्खलनंक्वपि भवत्येव प्रमाद्दतः, हसन्ति दुर्जनास्तत्र समादधति साधवः।

आशा है विद्वद्वृन्द हमारे इन प्रकाशनों का अवलोकन करके साहित्य का रसास्वादन करेंगे और अपने सुझावों द्वारा हमें लाभान्वित करेंगे जिससे हम अपने प्रयास को सफल मानकर कृतार्थ हो सकेंगे और पुनः मां भारती के चरण कमलों में विनम्रतापूर्वक अपनी पुष्पांजलि समर्पित करने के हेतु पुनः उपस्थित होने का साहस बटोर सकेंगे।

बीकानेर,
मार्गशीर्ष शुक्ला १५
संवत् २०१७
दिसम्बर ३, १९६०

निवेदक
लालचन्द कोठारी
प्रधान-मन्त्री
सादूल राजस्थानी-इन्स्टीट्यूट
बीकानेर

प्राक्कथन

सुकवि जिनहर्ष राजस्थान के विशिष्ट कवि हैं जिन्होंने साठ वर्ष पर्यन्त राजस्थानी, गुजराती भाषा में निरन्तर साहित्य रचना करके उभय भाषाओ के साहित्य भण्डार को खूब समृद्ध किया। उन्होंने प्रधानतया जैन प्राकृत, सस्कृत कथा ग्रन्थो को आधार बनाकर रास, चौपाई भाषा-काव्यों की रचना की है। उनकी फुटकर रचनाए भी काफी मिलती हैं जिनका गत ३०० वर्षों में अच्छा प्रचार रहा है। जब हम बालक थे अपने घर, मन्दिर व उपासरों में कवि जिनहर्ष की रचनाए—स्तवन, सज्झाय, श्रावक-करणी आदि सुनकर कवि के प्रति हमारा आकर्षण बढता गया। साहित्य क्षेत्र में जब हमने प्राचीन कवियों और उनकी रचनाओ की खोज का कार्य प्रारम्भ किया तो जिनहर्ष की रचनाओं का हमें विशेष परिचय मिला, तथा इतनी अधिक रचनाओं की जानकारी मिली जिसकी हमें कल्पना तक न थी। कवि का प्रारम्भिक जीवन राजस्थान में बीता पर किसी कारणवश स० १७३६ में कवि पाटण गए और उसके बाद केवल स० १७३८ में राधनपुर चौमासा करने के अतिरिक्त स० १७६३ तक सभी समय पाटण मे ही बिताया। इसीलिए कवि की पिछली रचनाओ में गुजराती का प्रभाव विशेष रूप से देखा जाता है। प्रारम्भिक रचनाए अधिकाश राजस्थानी व कुछ हिन्दी में भी हैं। पाटण में अधिक रहने के कारण उनकी अनेक रचनाए वहीं के ज्ञानभण्डारो में उपलब्ध हैं और उनमें से बहुत-सी कृतियाँ तो कवि के स्वयं लिखित हैं।

जैन गुर्जर कविओ भाग-२ में जिनहर्ष की रचनाओं का विवरण जब हमने पढ़ा तो मालूम हुआ कि पाटण के भंडार में कवि के अनेक रासादि की प्रतियाँ होने के साथ-साथ फुटकर रचनाओं की एक संग्रह प्रति भी वहाँ है। उन दिनों आगम-प्रभाकर मुनिराजश्री पुण्यविजय जी पाटण में थे, उन्हें उस संग्रह प्रति की नकल करा भेजने के लिए लिखा तो आपने अत्यन्त कृपापूर्वक वहाँ से सुवाच्य अक्षरों में भोजक केशरीचन्द पूनमचंद से उसकी प्रतिलिपि सं० १९९२ में कराके भेजी तथा साथ ही जिनहर्ष सम्बन्धी गीत* तथा उनकी हस्तलिपि का फोटो भी भेजा जिसका उपयोग हमने अपने ऐतिहासिक जैन काव्य संग्रह में उन्हीं दिनों में कर लिया। इधर बीकानेर आदि के भंडारों में कवि की जो लघु रचनाएं प्राप्त हुई उनकी प्रतिलिपि भी करते रहे। इस तरह करीब ३० वर्षके प्रयत्न से कवि की लगभग ४०० लघु रचनाए हमने संगृहीत की, जो इस संग्रहमें प्रकाशित की जा रही हैं। पाटण से मुनिश्री पुण्यविजयजी ने हमे जो सामग्री भिजवायी उसके लिए हम उनके बड़े आभारी हैं। उनके प्रेषित सामग्री के अतिरिक्त भी पाटण के भंडारों में कवि की अन्य रचनाओं की प्रतियाँ हैं पर वे प्राप्त न होने रे उनका उपयोग किया जाना सम्भव न हो सका। साठ वर्ष की दीर्घकालीन साहित्य साधना में कवि ने और भी अनेकों फुटकर रचनाएं कीं जिनका कोई संग्रह प्राप्त नहीं होता इसलिए ज्यों-ज्यों खोज की जाती है, अज्ञात रचनाएं प्राप्त होती ही रहती है। प्रस्तुत ग्रंथ के छपने के बाद भी कवि की कुछ ऐसी ही अज्ञात रचनाएं मिली हैं जिन्हें कवि की जीवनी व रचनाओं सम्बन्धी लेख के अन्तमें दे दी गई हैं।

---

* इनमें से १ गीत इसी ग्रन्थ के पृष्ठ ५२३-२४ में दिया गया है।

अभी तक और भी खोज करने पर ऐसी रचनाएं प्राप्त होना सम्भव है। कुछ रचनाओं में एक ही प्रति मिलने के कारण पाठ त्रुटित व अशुद्ध रह गये हैं, जिनकी अन्य प्रतियों की खोज होना आवश्यक है।

कवि की बड़ी-बड़ी रचनाओं में से कुछ रास ही अभी तक प्रकाशित हो सके हैं, बहुत से रास अभी अप्रकाशित हैं जिनके प्रकाशित होने पर ही कवि के साहित्यिक कर्तृत्व के सम्बन्ध में प्रकाश डाला जा सकता है। कवि की जीवनी के सम्बन्ध में कोई भी महत्वपूर्ण ऐसी रचना नहीं मिली जिससे कवि के जन्मस्थान, वंश, माता-पिता, विहार, धर्मप्रचार आदि कार्यों की जानकारी मिल सके। प्राप्त साधनों के आधार से कवि के सम्बन्ध में जो कुछ विदित हो सका है, उनकी रचनाओं की सूची के साथ आगे दिया जा रहा है। इस ग्रन्थ में प्रकाशित रचनाएं विविध प्रकार एवं शैलियों की है, हमने उनका स्थूल वर्गीकरण तो कर दिया है पर उनकी विशेषताओं आदि के सम्बन्ध में विस्तार से प्रकाश डालने की इच्छा होने पर भी ग्रंथ पर्याप्त बड़ा हो जाने से उस इच्छा का संवरण करना पड़ा है।

कवि के रास चौपाई आदि रचनाओं में तत्कालीन प्रसिद्ध अनेक देशियों का उपयोग हुआ है, जिनकी पूरी सूची बनायी जाने पर इस समय की प्रचलित अनेक विस्मृत लोकगीतों की जानकारी मिल सकती है। प्रस्तुत ग्रंथ में भी शताधिक देशियों का उपयोग हुआ है जिनकी सूची ग्रन्थ में अन्त में दी जा रही है। जिनराजसूरि, समयसुन्दर आदि १७वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध के कवियों की रचनाएं भी इतनी अधिक लोकप्रिय हो गई थी कि इन रचनाओं की तर्ज में कवि ने अपनी रचनाएं

गुंफित की है। कई रचनाओं में पूर्ववर्ती कवियों का अनुकरण, भाव साम्य दिखाई देता है। जिनहर्ष के परवर्ती कवियों पर भी कवि की रचनाओं का प्रभाव अच्छा देखा जाता है। इस विषय में विशेष अनुसन्धान किया जाने पर कवि के प्रभाव एव देन की पूरी जानकारी मिल सकती है।

प्रस्तुत ग्रन्थ की भूमिका राजस्थानी साहित्य के सुप्रसिद्ध लेखक प्राध्यापक श्री मनोहर शर्मा (सम्पादक-वरदा) ने लिख भेजने की कृपा की है इसलिए हम उनके आभारी हैं। कवि के साहित्यिक महत्व के सम्बन्ध मे उन्होने भूमिका मे अच्छा प्रकाश डाल दिया है।

अगरचन्द नाहटा

भूमिका

भारतीय साहित्य को जैन विद्वानों का जो योगदान मिला है, उसकी गरिमा बहुत ऊँची है। उनकी साहित्य-साधना प्राचीन काल से आज तक सतत् प्रकाशमान रही है और इसका अत्यन्त महत्वपूर्ण फल प्राप्त हुआ है। जहां उन्होंने प्राचीन भारतीय भाषाओं में बहुविध साहित्य-रचना प्रस्तुत की है, वहां मध्यकालीन भारतीय भाषाओं के साहित्य भंडार को भी अपनी मूल्यवान कृतियों से भरा-पूरा किया है। यही तथ्य आधुनिक भारतीय भाषाओं के सम्बन्ध में समझा जाना चाहिए। इस सुदीर्घकाल में जैन-समाज में इतने अधिक साहित्य-तपस्वी हुए हैं कि उनकी नामावली प्रस्तुत करना भी कोई सहज कार्य नहीं है, फिर इसका सम्पूर्ण पर्यवेक्षण तो और भी कठिन है।

जैन मुनियों का उद्देश्य सद्धर्म का प्रचार करना मात्र रहा है, जिससे कि जन-साधारण में सद्भावना बनी रहे। इस उद्देश्य की समुचित पूर्ति के लिए साहित्य एक उत्तम साधन है। फलस्वरूप जैन मुनि जीवन पर्यन्त विद्या-व्यसनी बने रहे हैं। उनके सामने सद्धर्म के अतिरिक्त अन्य कोई सांसारिक स्वार्थ नहीं रहता। यही कारण है कि साहित्य की श्रीवृद्धि एवं उसका संरक्षण उनके जीवन का पुनीत व्रत बन जाता है और वे इसका आमरण पालन करते हैं। इतनी निष्ठा के द्वारा तैयार किया साहित्य-संचय अति विस्तृत एवं परमोपयोगी होना स्वाभाविक है।

विशेष बात यह है कि जैन साहित्य-साधक एकमात्र अपने साम्प्रदायिक घेरे के बन्धन में हो नही रहे और उन्होंने अनेक ज्ञान-शाखाओं को अभिवृद्धि की ओर ध्यान लगाया। उन्होंने अपने ग्रन्थागारों में सभी उपयोगी विषयों की रचनाओं को संगृहीत एवं सुरक्षित किया फल यह हुआ कि देश के अनेक विकट परिस्थितियों में से गुजरने पर भी जैन-भण्डारो में भारतीय ज्ञान-साधना का अमृत-फल किसी अंश में सुरक्षित रह सका। इस प्रकार बहुत अधिक साहित्य-सामग्री नष्ट होने से बचा ली गई। जैन ज्ञान-भण्डारों की यह सेवा सदैव अविस्मरणीय रहेगी।

राजस्थानी साहित्य को तो जैन-विद्वानों का विशेष योगदान मिला है। प्राचीन राजस्थानी-साहित्य प्राय: जैन-विद्वानों का ही सुरक्षित प्राप्त हो सका है और यह सामग्री बडी ही महत्वपूर्ण तथा विस्तृत है। जहां राजस्थानी साहित्य अपने वीर कवियों के सिंहनाद के लिए प्रसिद्ध है वहां इसके भक्तो एवं सन्तों की अमृत-वाणी भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। अभी तक अन्य सम्प्रदायों के समान जैन भक्ति-साहित्य का अध्ययन समुचित रूप से नही हो पाया है, अन्यथा राजस्थानी साहित्य और भी अधिक गौरव की वस्तु माना जाता। हर्ष का विषय है कि कुछ समय से इस दिशा में भी विद्वानों का ध्यान आकर्षित हुआ है और कई अच्छे संग्रह-ग्रन्थ प्रकाशित हुए हैं। ये ग्रन्थ जहाँ साहित्यिक अध्ययन को आगे बढाते हैं, वहाँ भाषा शास्त्रीय अध्ययन की दृष्टि से भी परमोपयोगी हैं।

जसराज राजस्थानी जनता के कवि हैं। किसी कवि के लिए जन-जीवन में घुल मिल जाना परम सौभाग्य का सूचक है। इस से कविवाणी विस्तार पाकर लोकवाणी का रूप धारण कर लेती है। अनेक लोगों को

जसराज के दोहे याद मिलेंगे परन्तु वे यह नहीं जानते कि उनका प्रिय कवि जसराज कौन हुआ है। भारतीय जनता काव्य-रसिक तो अतिमात्रा में है परन्तु कवि जीवन की ओर यहाँ विशेष ध्यान कभी नहीं दिया गया। यही कारण है कि भारत के अनेक मनीषी कवियों को देशव्यापी सम्मान एवं गौरव प्राप्त होने पर भी उनका इतिवृत्त लगभग अज्ञात सा ही है।

जसराज अठारहवीं सदी के सुप्रसिद्ध जैन कवि जिनहर्ष हैं। वे खरतर गच्छीय मुनि शान्तिहर्ष के शिष्य थे। उनकी साहित्य-सेवा लगभग पचास वर्षों तक सतत चलती रही और उन्होंने अनेक सरस तथा उपयोगी रचनाएं प्रस्तुत की।

कवि जिनहर्ष की भाषा सुललित प्रसाद गुण सम्पन्न एवं परिमार्जित है। उसका साहित्यिक स्वरूप बड़ा मधुर एवं आकर्षक है। सरस्वती का कवि को यह वरदान है। कवि ने जन्म भर सरस्वती की उपासना की है और प्रायः उनकी सभी रचनाए वंदना-पूर्वक प्रारम्भ हुई हैं।

प्रस्तुत प्रकाशन में कवि की अनेक फुटकर रचनाओं को सम्मिलित किया गया है कवि की राजस्थानी भाषा भी अत्यन्त सुललित एवं साहित्यिक है। उदाहरण लीजिए :—

सभा पूरि विक्रम्म, राइ बैठो सुविसेसी।
तिण अवसर आवीयउ, एक मागध परदेसी॥
ऊभो दे आसीस, राइ पूछइ किहाँ जासौ।
अठा लगैं आवीयौ, कोइ तैं सुण्यौ तमासौ॥
कर जोड़ि एम जंपइ वयण, हुकम रावलौ जो लहुं।
जिनहर्ष सुणण जोगी कथा, कोतिग वाली हूँ कहुं॥१॥

श्री वल्लभपुर सबल, तासु पति श्रीपति सोहै।
कुमरी जोबनवंत, रूप रति सुर नर मोहइ॥
चवि चौबोली नाम, तेण हठ एम संबाह्यउ।
बोलावेसी बहसि, बार मो च्यार उमाह्यौ॥
जिनहर्ष पुरुष परणिसी तिको, तां लगि नर निरखुं नही।
बहु भूप आइ बंदी हुआ, बोल न बोलै मैं कही॥ २॥

(चौबोली कथा, पृ० ४३६)

इसी प्रकार कवि की व्रजभाषा भी अत्यन्त मधुर एवं आकर्षण-मयी है :—

फागुन मास उलासह खेलत,
फाग रमै बहु नारि की टोरी।
ताल कंसाल मृदंग बजावत,
ल्यावत चन्दन केसर घोरी॥
लाल गुलाल अबीर उडावत,
गावत गीत सुहावत गोरी।
नीरसुगन्ध सरीर कु छांटत,
रीझत नेह करी जब होरी॥४॥

(राजुल बारहमास, पृ० २१६)

कवि की पंजाबी भाषा का भी एक उदाहरण पृष्ठ २२५ तथा सिन्धी भाषा का भी इसी ग्रन्थ के पृ० ३४१ में देखना चाहिए।

कवि जिनहर्ष का ऐसा भाषाधिकार आश्चर्यजनक है। साथ ही इन सभी भाषाओं की रचनाओं में आपने साहित्यिकता का गुण बनाए

रखा है और कहीं भी शिथिलता प्रकट नहीं हो पाई है। कवि की यह विशेषता और भी अधिक सराहनीय है।

जिनहर्ष स्वाभाविक कवि होने के साथ ही जैन मुनि थे। जैन परंपराओं एवं मान्यताओं के प्रति आप को परम निष्ठा थी। फलतः आपकी अनेक रचनाओं में यह भक्ति-भावना प्रबल तरंगवती के रूप में प्रकट हुई है। भक्त जिनहर्ष ने जैन तीर्थंकरों एवं आचार्यों की विनम्र भाव से अनेकशः स्तुति की है। इन स्तवन-गीतों में उनके हृदय का दृढ़ एवं अटूट विश्वास भरा हुआ है। उदाहरण देखिए :—

अभिनन्दन गीतम्

(राग नट)

मेरउ प्रभु सेवक कूँ सुखकारी।
जाके दरसण वंछित लहीये, सो कइसइं दीजइ छारी ॥ १ ॥
हिरिदइ धरीयइ सेवा करीयइ, परिहरि माया मतवारी।
तउ भव दुख सायर तइं तारइ, पर आतम कउ उपगारी ॥२॥
अइसउ प्रभु तजि आन भजइ जो, काच गहइ जो मणि डारी ॥
अभिनंदन जिनहरख चरण गहि, खरी करी मन इकतारी ॥३॥

(चोवीसी, पृ० २१)

मुनिसुव्रत गीतम्

(राग-तोडी)

आज सफल दिन भयउ सखी री ॥
मुनिसुव्रत जिनवर की सूरति, मोहनगारी जउ निरखी री ॥१॥

आज मेरइ घरि सुरतरु ऊगउ, निधि प्रगटी घरि आज अखी री।
आज मनोरथ सकल फले मेरे, प्रभु देखत ही दिल हरखी री ॥२॥
ताप गए सबहि भव-भव के, दुरगति दुरमति दूरि नखी री।
कहइ जिनहरख मुगति कु दाता, सिर परि ताकी आन रखी री ॥३॥
(चौबीसी, पृ० ३०)

प्रभु भक्ति

(राग बेलाउल)

प्रभु पद-पंकज पाय के, मन भमर लुभाणउ।
सुन्दर गुण मकरन्द के, रसमइ लपटाणउ ॥ १ ॥
राति दिवस मातउ रहइ, तिस भूख न लागइ।
चरण कमल की वासना, मोह्यउ अनुरागइ ॥ २ ॥
सुमनस अउर की सुरभता, फीकी करि जाणइ।
रहइ जिनहरख उलासमइ, अविचल सुख माणइ ॥ ३ ॥
(पद संग्रह, पृ० ३४७)

इन पदों से कवि के हृदय का भक्ति रस मिश्रित प्रेमतत्व टपका पडता है। असल में जिनहर्ष प्रेमतत्व के गायक है और इसी के कारण कवि को इतनी अधिक लोकप्रियता मिली है। आपके प्रेममय उद्गारों को सरलता और स्वाभाविकता सहज ही हृदय पर अधिकार कर लेती है। प्रेम तत्व का ऐसा उज्ज्वल निदर्शन कम ही कवियों में मिलता है।

सर्वप्रथम कवि द्वारा किया हुआ प्रेम तत्व निरूपण द्रष्टव्य है। इसमें प्रेम की गम्भीरता एवं विस्तार का प्रकाशन ध्यान देने योग्य है :—

प्रीत म करि मन माहरा, करै तो काचो काइ ।
काचा मिणिया काच रा, जसराज भांजे जाइ ॥४५॥
घन पारेवा प्रीति, प्यारी विण न रहे पलक ।
ए मानवियां रीति, देखी जसा न एहड़ी ॥४६॥
एक पखीणी अंग, प्रीति कियां पछताइजै ।
दीपक देखि पतंग, जल बलि राख हुवै जसा ॥४७॥
साजनियां संसार, जो कीजै तो जायनै ।
नेह निवाहण हार, जसा न बिरचै जीवतां ॥४८॥
निगुणां सेती नेह, थिर न रहै कीधां-थकां ।
छीलर सर ज्यूं छेह, जल जातौ दीसै जसा ॥८९॥
निगुणां हन्दो नेह, ऊगत दिन छाया जिसी ।
सुगुणां तणौ सनेह, जसा ढलंती छाहड़ी ॥९०॥
(प्रेम पत्रिका)

कवि ने विरह-वर्णन बहुत अधिक किया है । यह प्रसंग बड़ा ही मार्मिक है । इसमें विरही के मन को विभिन्न दशाओं का स्वाभाविक चित्रण हुआ है । इस प्रकार के चित्र अनेक हैं । प्रेम की पीडा का प्रकाशन देखिए—

जिण दिन सज्जन बीछड़या, चाल्या सीख करेह ।
नयणे पावस ऊलस्यौ, झिरमिर नीर झरेह ॥१॥
सज्जण चल्या विदेसडै, ऊभा मेल्हि निरास ।
हियड़ा में ते दिन थकीं, मावै नाहीं सास ॥२॥
जीव थकी बाल्हा हता, सज्जनिया ससनेह ।

आडी भुय दीधी घणी, नयण न दीसै तेह ॥३॥
खावो पीवो खेलवो, कांई न गमइ मुज्झ ।
हियडा मांही रात दिन, ध्यान धरूं इक तुज्झ ॥४॥
सयणां सेती प्रीतडी, कीधी घणे सनेह ।
दैव बिछोहो पाड़ियो, पूरी न पडी तेह ॥५॥
(दोधक छत्तीसी, पृ० ११७)

प्रेमी की अभिलाषा देखिए—

भुज करि बे भेलाह, मिलस्युं जदि मन मेलुआं ।
वाल्ही साईं वेलाह, जनम सफल गिणसु जसा ॥६९॥
नयणे मिलसे नेण, उर सुं उर मेलिस जसा ।
मुख पामेस्यै सैण, आयां लेस्यु वारणा ॥७०॥
(प्रेम पत्रिका)

साहित्य जगत् में बारहमासा एव तिथि-क्रम वर्णन की पुरानी तथा सुपुष्ट परम्पराए है । इनमें ऋतु परिवर्तन एवं सामाजिक जीवन से प्रभावित प्रेमी जन की मनोदशा का चित्रण किया जाता है । प्रेमतत्व के पारखी कवि जिनहर्ष ने इन साहित्यिक विधाओं का भी बडा ही सुन्दर प्रयोग किया है—

पिउ वैसाखे हालियो, रैणा सीख करेह ।
ऊभी झूरै गोरडी, डब डब नैण भरेह ॥६॥
लू बाजै दिणयर तपै, मास अतारो जेठ ।
आंह्यां पावस उल्लस्यो, ऊभी मेड़ी हेठ ॥७॥

काती कंत पधारिया, सीधा बंछित काज।
घरि दीपक उजवालिया, गोरंगी जसराज ॥१२॥

(बारहमास रा दूहा, पृ० १२०-१२१)

पड़िवा पीउ हालीओ, मइ हालन्ती दीठ।
मनड़ो ज्यांही सु गयौ, नैण बहोड्या निठु ॥१॥
बीज स आज सहेलियां, ऊगो चन्द मयन्द।
दुनिया वंदै चन्द नै, हु वन्दू प्रीयचन्द ॥२॥
सखीयां तन सिणगार सजि, खेलै सौंवण तीज।
मो मन आमण-दूंमणो, देखि खिवन्ती बीज ॥३॥
चौथि भगवती पूजतां, आवै बहुली रिद्धि।
जो प्रीतम घरि आवसी, चोथि करिस प्रीत वृद्धि ॥४॥

(पनरह तिथि रा दूहा, पृ० १२२-१२३)

जैन कथाओ में नेमिनाथ एव स्थूलिभद्र विषयक कथानक अपने आपमें विरह से परिपूर्ण हैं। इनके सम्बन्ध में अनेक कवियों ने रचनाएं की हैं। ऐसी स्थिति में प्रेम पथिक कवि जिनहर्ष के द्वारा इनका अपनाया जाना तो स्वाभाविक ही है। इनकी कथा-नायिकाओं के विरहोद्‌गार कवि-मुख से अनेकशः प्रकट हुए है। उदाहरण देखिए—

(१)

कातिग मास उदास भई;
रांणी राजुल नेम बिना दुख पावै।
प्राण सनेही सोई जसराज,
जो रूठे पीयारे कूं आणि मिलावे ॥

ठोर ही ठोर दिवाली करे,
नर दीपक मन्दिर ज्योति सुहावें।
हूं रे दिवाली करूंगी तबे,
मनमोहन कन्त जबे घरि आवे ॥४॥
(नेमि राजीमती गीत, पृ० २११)

(२)

मुझ सू साढा तीन रहे कर वेगली।
लेई बौल अमोल रह्यां तिहां मन रली॥
षटरस भोजन सरस सदाई तिहां करै।
जोवन रूप अनूप बिन्हेई इण परै॥४॥
आयौ पावस मासक अम्बर गाजियौ।
ऊमट आयौ इन्दक मेहा राजियौ॥
काली कांठल मांहिक झबूकै बिजली।
बांहे बेहुं पसारि मिलुं पूजै रली॥५॥
(स्थूलिभद्र गीत, पृ० ३६१)

कवि जिनहर्ष ने प्रेमतत्व का बड़े विस्तार और साथ ही अत्यन्त बारीकी से वर्णन किया है। इस विषय में उनके उद्‌गार बड़े ही मार्मिक हैं। उनके दोहे तो ऐसे हैं, जो एक बार सुन लेने पर कभी विस्मरण नहीं होते।

जिनहर्ष मुनि थे और सद्‌धर्म का प्रचार उनका जीवनव्रत था। ऐसी स्थिति में उन्होंने प्रबोधन-गीत भी काफी लिखे हैं और उनमें शान्तरस की

निर्मल धारा प्रवाहित की है। सांसारिक मोह में फँसे हुए जीव को चेतावनी देकर उन्होंने अनेकशः मार्ग दर्शन किया है। इस रूप में संतवाणी के उदाहरण द्रष्टव्य हैं —

(१)

इधन चंदन काठ करे,
सुरवृक्ष उपारि धतूरज बोवे।
सोवन थाल भरे रज रेत,
सुधारस सूँ करि पाउहि धोवे॥
हस्ति महामद मस्त मनोहर,
भार वहाई के ताहि विगोवे।
मूढ़ प्रमाद ग्रह्यो जसराज,
न धर्म करे नर सो भव खोवे॥८॥
(मातृका बावनी, पृ० ८३)

(२)

नमिये देव जगद्गुरु, नमिये सद्गुरु पाय।
दया जुगत नमिये धरम, शिवगत लहै उपाय॥२॥
मन तें ममता दूर कर, समता धर चित मांहि।
रमता राम पिछाण कै, शिवपुर लहै क्यूं नांहि॥३॥
शिव मन्दिर की चाह धर, अथिर मंदिर तज दूर।
लपट रह्यौ कहा कीच में, अशुचि जिहां भरपूर॥४॥

धंधा ही में पच रह्यौ, आरम्भ किउ अपार।
ऊठ चलेगो एकलो, सिर पर रहेगो भार ॥५॥
(दोहा बावनी, पृ० ६४)

(३)

जोवन ज्यु नदी तोर जातइइ अयाण रे।
काहें फूलि रह्यउ यउ तउ अथिर तु जाणि रे॥
जोवन मइ रातउ मदमातउ फिरइ जोर रे।
काम कउ मरोर्यु कछु देखइ नहीं ओर रे॥
कामिनी सु चाहइ भोग सकल सयोग रे।
अलप जीवन सुख, बहुत वियोग रे॥
रूप देखि जाणइ मो सौ, न को तीन भुवन रे।
अइसउ अभिमानी तेरी गत हुइगी कउण रे॥
अंजुरी कउ नीर रहइ, कहउ केती वेर रे।
तइसउ धन जोवन, न कोई तामइ फेर रे॥
भजि भगवन्त जोवन कउ लइ लाह रे।
जउ जिनहरख मुगति की चाह रे॥
(पद-संग्रह, पृ० ३५२)

कवि की प्रबोधन-वाणी बडी प्रभावोत्पादक है। इसी प्रकार कवि ने नीति तत्व का प्रकाशन भी किया है, जो जीवन-व्यवहार के लिए बडा उपयोगी तथा सारपूर्ण है। कुछ उदाहरण देखिए—

वंदे सुर नर त्रय वखत, थानिक-थानिक थट्ट।
गावे जस मिलिमिल गुणी, गीत गुणे गहगट्ट ॥४॥

(छंद त्रोटक)

गहगट्ट सदा नर गीत गुणे।
थिर थानिक थानिक जस्स थुणे ॥
महिमा नव खंड अखंड महं।
गह पूरत मत्त मसत्त गहं ॥५॥

(गणेशजी रो छंद, पृ० ३९५-९६)

(२)

पारम करी परमेसरी, केहर चढी सकोप।
असुर तणा दल आय नै, अड़ीया सन्मुख कोप ॥१॥
रगत नैंण रातंमुखी, रातबर रो साल।
सहस भुजे हथीयार सझि, विड रूपण वैताल ॥२॥
असुर जिके असलामरा, मिलीया वेढक मल्ल।
देवी नें देतां दले, हूकल लागी हल्ल ॥३॥

(छंद पाढगति)

हल्ल हल्ल लागी हूक, टोले ऊडै लोह टूक,
सागिडदा गिड़दा वाजे सोक, बेरियां विचाल।
सणण वहंत सर, सूरिमा फिरै समर,
गडड़ बाजत गोला, नाग्डिग्डिदा नाल ॥५॥

(देवीजी री स्तुति, पृ० ३९८-९९)

(३)

प्रणमु सरसति सुमति दातारो।
हंसगमण पुस्तक वीण धारो ॥
नाम लीयां दिन होइ सवाडो।
आदि जिणेसर कहिस्यु पवाडो ॥१॥

(आदिनाथ सलोको, पृ० १६६)

ऊपर के अनेक उद्धरणो से प्रकट होता है कि कवि जिनहर्ष की रचनाओ मे आश्चर्यजनक वैविध्य है, जो उनकी विद्वत्ता, प्रतिभा तथा क्षमता का परिचायक है। कवि ने अपने समय की प्रायः सभी शैलियो मे रचनाए प्रस्तुत करने की सफल चेष्टा की है। यह उनकी काव्य-शक्ति का असाधारण प्रकाशन है। कहा जा चुका है कि मुनि जिनहर्ष का साहित्य बडा विस्तृत है। उन्होने बडी सख्या में 'रास' संज्ञक रचनाए प्रस्तुत की है, जैसे कुसुमश्री रास, श्रीपाल रास, रत्नसिंह राजर्षि रास, उत्तमकुमार रास, कुमारपाल रास, अमरसेन-वैरसेन रास, यशोधर रास, अमरदत्त मित्रानद रास, चदन-मलयागिरि रास, हरिश्चद्र रास, उपमिति-भव-प्रपचा रास, २० स्थानक रास, पुण्यविलास रास, ऋषिदत्ता रास, सुदर्शनसेठ रास, अजितसेन-कनकावती रास, महाबल-मलयासुदरी रास, शत्रुजय माहात्म्य रास, सत्यविजय-निर्वाण रास, रत्नचूड रास, शीलवती रास, रत्नशेखर रत्नवती रास, रात्रिभोजन त्याग रास, रत्नसार रास, जंबूस्वामी रास, श्रीमती रास, आरामशोभा रास, वसुदेव रास, जिनप्रतिमा हुडी रास आदि आदि। इन बहुसख्यक 'रास' काव्यो का स्वतत्र अध्ययन किए जाने से कथा साहित्य विषयक मूल्यवान ज्ञातव्य प्राप्त हो सकता है। इसी वर्ग

में कवि की विद्याविलास चौपई, मृगापुत्र चौपई, मत्स्योदर चौपई, विक्रमसेन चौपई, गुणावली चौपई आदि रचनाए ली जानी चाहिए।

इनके अतिरिक्त कवि ने स्तवन, सज्झाय, गीत, सलोको, नीसाणी, छद दूहा, कवित्त, बारहमासा, बहुत्तरी, बावनी, छतीसी, पचीसी, चोबीसी, बीसी आदि अनेक नामों वाली परम्परागत शैलियो में रचनाए प्रस्तुत की हैं। इन में से चुने हुए उदधरण ऊपर दिए जा चुके है। इतना ही नहीं कवि जिनहर्ष के काव्य में अपने समय की शैली के अनुसार प्रहेलिका एवं समस्या पूर्ति के उदाहरण भी प्राप्त है। इन दोनों काव्य विधाओ के नमूने देखिए :—

प्रहेलिका (ध्वजा)

उडे मग आकास धरणि पग कदे न धारै।
पीवे अह निसि पवन नाज नवि कदे आहारै।
सुकलीणी सुंदरी वप्प सिणगार विराजै।
जीव विहूंणी जोइ जिलै नेहागलि जाजै॥
काठ सुं प्रीति अधिकी करै, पंख चरण करयल पखै।
जसराज तास साबासि जपि, अरथ जिको इणरो लखै॥

(पृष्ठ ४२०)

समस्या—'सिंह के कौन सगा'

काहे कुं मित्त ज्युं प्रीति न पालत,
प्रीति की रीति समूल न जाणइ।
नेह करइ करि छेह दिखावत,
सयण कुसयण उभय न पिछाणइ॥

रोस करइ ज्युं विचार सनेह,
सनेह पुरातन चोत न आणइ।
सिंह कइ कवण सगा असगा,
सब ही सरखा जसराज बखाणइ॥
(पृष्ठ ४०१)

कवि जिनहर्ष काव्य के साथ ही संगीत के भी ज्ञाता थे और उनके द्वारा बिरचित अनेक पदो में शास्त्रीय राग-रागिनी का प्रयोग हुआ है। प्रस्तुत संग्रह में उनके दो सवैये 'रागकरण समय सूचनिका' के रुप में दिए गए हैं (पृ० ४०७)। इसके अतिरिक्त कवि ने अपने समय के लोक संगीत की धुनों की ओर भी पूरा ध्यान दिया है। लोक प्रचलित धुनों में किसी चीज को प्रस्तुत किए जाने से उसका अच्छा प्रचार हो सकता है क्योंकि वे स्वयं जनजीवन की अंगभूत होती हैं। इस प्रकार अन्य अनेक जैन कवियों के समान कवि जिनहर्ष के द्वारा भी अठारहवीं शती के काफी लोक गीतों की आद्य-पंक्तियां लोक संगीत के प्रेमियों को अध्ययनार्थ मिल गई हैं। ऐसी आद्य पंक्तियों की एक अति विस्तृत सूची 'जैन गुर्जर कविओ' भाग ३ खड २ में संग्रह कर के प्रकाशित की गई है, जो द्रष्टव्य है। प्रस्तुत संग्रह के अंत में कवि जिनहर्ष द्वारा प्रयुक्त 'देशियो' की सूची दी गई है, जो बड़ी उपयोगी है। इन देशियों पर स्वतंत्र शोध की आवश्यकता है। इनमे तत्कालीन जन समाज का हृदय स्पंदित है। कुछ उदाहरण देखिए :—

१. हो रे लाल सरवर पाले चीखलउ रे लाल,
घोडला लपस्या जाई। (पृ० ४२)

२. नवी नवी नगरी मां वसइ रे सोनार,
कान्हजी घड़ावइ नवसरहार। (पृ० ४४)

३. सासू काठा हे गहूँ पीसावि, आपण आस्यां मालबइ,
सोनारि अणइ। (पृ० ५४)

४. झीणा मारू लाल रंगावउ पीया चूनड़ी। (पृ० ६०)

५. थे तउ अगलां रा खडिया आज्यो,
रायजादा लाइज्यो राजि। (पृ० १६१)

६. वाटका बटाऊ वीरा राजि,
वीनती म्हारी कहीयो जाइ, अरे कहीयो जाइ,
अंब पके दोऊ नीबूअ पके, टपक टपक रस जाइ। (पृ० १६१)

७. आठ टके कंकणउ लीयउ री नणदी, थरकि रह्यउ मोरी बांह,
कंकणउ मोल लीयउ। (पृ० १६३)

काव्य विवेचन का एक अंग भावसाम्य भी है। राजस्थानी कवियों की रचनाओं में इस दृष्टि से विचार करते समय कई पक्ष सामने आते हैं। कवि जिनहर्ष संस्कृत के विद्वान थे। अतः यत्र तत्र उन्होंने संस्कृत-सुभाषितों का अपनी नीति वाणी मे अनुवाद-प्रस्तुत किया है :—

खल संगत तजियै जसा, विद्या सोभत तोय।
पन्नग मणि संयुक्त तै, क्युं न भयंकर होय ॥१६॥
नदी नखी नारी तथा, नागणि खग असराज।
नाई नरपति निगुण नर, आठे करै अकाज ॥३२॥

दोहा बावनी)

दुर्जनः परिहर्तव्यो विद्ययालंकृतो सन्।
मणिना भूषितः सर्पः किमसौ न भयङ्करः॥

नदीनां नखिनां चैव शृंगिणां शस्त्र पाणिनाम् ।
विश्वासो नैव कर्तव्यो स्त्रीषु राजकुलेषु च ॥

यत्र तत्र कवि जिनहर्ष की रचनाओ मे अन्य कवियों के भाव अथवा शब्दावली तक ज्यो के त्यो दृष्टिगोचर होते हैं—

१—ऊठि कहा सोई रह्यउ, नइन भरी नींद रे,
काल आइ ऊभउ द्वार, तोरण ज्यु बींद रे।
मोह की गहल मांझि, सोयउ बहु काल रे,
कछु बूझ्यु नही तु तउ, होइ रह्यउ बाल रे ॥
(पृ० ३५१)

सोवू रे सोवू बन्दा के करे, सोयां आवे रे नींद,
मोत सिरहाणे बन्दा यू खडी, तोरण आयो ज्यू बीद,
बोलि म्हारा भवरा तू कांई भरम्यो रे।
(काजी महमद)

२—दस दुवार को पींजरो, तामै पंछी पौन।
रहण अचूंबो है जसा, जाण अचूबो कौन ॥४॥
जो हम ऐसे जानते, प्रीति बीचि दुख होइ।
सही ढंढेरो फेरते, प्रीत करो मत कोइ ॥८॥
(पृ० ४१६)

नौ द्वारे का पींजरा, तामें पंछी पौन।
रहने को आचरज है, गए अचम्भो कौन ॥
(कबीर)

जे मैं एसो जानती, प्रीत कियां दुख होय।
नगर ढंढेरो फेरती, प्रीत न करियो कोय॥
(मीरांबाई)

३—बीजुलियां खलभल्लियां, आभै आभै कोड़ि।
कदे मिलेसूँ सज्जना, कंचू की कस छोड़ि॥१७॥
बीजलियां गली बादला, सिहरां माथै छात।
कदे मिलेसुं सज्जना, करी उघाड़ौ गात॥१८॥
बीजलियां चमके घणी, आभइ-आभइ पूरि।
कदे मिलूँगी सजना, करि के पहिरण दूर॥१६॥
(बरसात रा दूहा, पृ० ४२४)

बीजुलियां चहलावहलि, आभइ-आभइ एक।
कदी मिलूँ उण साहिबा, कर काजल की रेख॥४४॥
बीजुलियां चहलावहलि, आभइ आभइ च्यारि।
कद रे मिलउली सजना, लांबी बांह पसारि॥४५॥
बीजुलियां चहलावलि, आभय आभय कोडि।
कद रे मिलउंली सजना, कस कचुकी छोड़ि॥४६॥
(ढोला मारू रा दूहा)

इस प्रकार मुनि जिनहर्ष के काव्य पर विचार करने से उसमें अनेक प्रकार की विविधता दृष्टिगोचर होती है और वे एक साथ ही समर्थ एवं सरस कवि के रूप में प्रकट होते हैं। वे परम भक्त हैं और उद्बोधक हैं। वे प्रेममार्गी हैं और नीतिज्ञ हैं। उन्होंने अपने समय की सभी काव्य-शैलियों में रचनाएं प्रस्तुत करके साहित्य के भंडार को भरा है। उन्होंने

अनेक भाषाओं में काव्य प्रणयन किया है परन्तु वे विशेष रूप से गुजराती तथा राजस्थानी के कवि हैं। उनकी कृतियां सरस एवं साथ ही शिक्षा-प्रद हैं। उनसे सम्बन्धित गीत मे यथार्थ ही कहा गया है—

सरसति चरण नमी करी, गास्युँ श्री ऋषिराय।
श्री जिनहरष मोटो यति, समय अनुसार कहिवाय ॥१॥
मन्दमती ने जे थयो, उपगारी सिरदार।
सरस जोडिकला करी, कर्यो ज्ञान बिस्तार ॥२॥
उपगारी जगि एहवा, गुणवन्ता व्रतधार।
तेहना गुण गातां थकां, हुइ सफल अवतार ॥३॥

हिन्दी विभाग,
सेठ आर. एन. रुइया कालेज
रामगढ़ (सीकर)
दि० १-१-१९६४,

—मनोहर शर्मा

सुकवि जिनहर्ष

यों तो राजस्थान के सैकड़ों जैन कवियों ने मातृभाषा राजस्थानी की अनुपम सेवा की है, पर उनमें अठारहवीं शती के जैन कवि जिनहर्ष अपना विशिष्ट स्थान रखते हैं। उनकी रचनाएं प्रचुर परिमाण में पायी जाती हैं। आपने राजस्थानी, हिन्दी, गुजराती—तीनों भाषाओं में विशाल साहित्य निर्माण कर साहित्य की बडी भारी सेवा की है, फिर भी आपकी गुरु-परम्परा के अतिरिक्त जन्मस्थान, वंश, माता-पिता, जन्म व दीक्षा-काल एवं जीवन के विशिष्ट कार्यादि सभी इतिवृत्त अज्ञात है। आपके ग्रन्थादि में जो भी ज्ञातव्य उपलब्ध हैं, उन्हीं के आधार से संक्षिप्त प्रकाश डाला जा रहा है।

गृहस्थावस्था का नाम व दीक्षा

आपने जसराज बावनी, दोहा-मातृका बावनी, बारहमास द्वय तथा दोहों में अपना नाम 'जसा' या 'जसराज' दिया है, जिसे आपका गृहस्थावस्था का नाम समझना चाहिए। जैन-दीक्षा के अनन्तर आपका नाम 'जिनहर्ष' प्रसिद्ध किया गया था। आपकी सर्वप्रथम रचना चन्दन-मलयागिरि चौपाई संवत् १७०४ में रचित उपलब्ध है। अनुमानतः आपकी अवस्था उस समय १८-१९ वर्ष की तो अवश्य रही होगी। अतः आपका जन्म सं० १६८५ के लगभग और दीक्षा सं० १६९५ से १६९९ के मध्य श्री जिनराजसूरिजी[1] के कर-कमलों से होना सम्भव है।

१—इनके विषय में विशेष जानने के लिए परिषद द्वारा प्रकाशित जिनराजसूरि कृति-कुसुमाञ्जली देखिये।

गुरु परम्परा

दादाजी के नाम से प्रसिद्ध खरतर गच्छाचार्य श्रीजिनकुशलसूरिजी[1] की शिष्य परम्परा में आप वाचक श्रीसोमजी के शिष्य शान्तिहर्षजी के शिष्य थे। अन्य साधनों से आपका वंश-वृक्ष इसप्रकार है—१ श्रीजिन-कुशलसूरि (स्वर्ग सं० १३८६), २—महोपाध्याय विनयप्रभ, ३ उ० विजयतिलक, ४ क्षेमकीर्त्ति गणि, ५ उपा० तपोरत्न, ६ वाचक भुवन-सोम, ७ उ० साधुरग, ८ वा० धर्मसुन्दर, ६ वा० दानविनय, १० वा० गुणवर्द्धन, ११ वा० श्रीसोम, १२ वा० शांतिहर्ष, १३ जिनहर्ष।

जन्म-स्थान, विहार एवं रचनाएं

आपकी कृतियों से स्पष्ट है कि सवत् १७३५ तक आप राजस्थान में ही विचरे थे। वील्हावास, साचौर, मेडता, बाहड़मेर आदि में रचित आपकी कई रचनाए उपलब्ध हैं। हमारे विचार में आपका जन्मस्थान भी मारवाड ही होगा। आपकी प्रारम्भिक रचनाए और दोहे इत्यादि अधिकांश राजस्थानी भाषा में और कुछ हिन्दी में रचित हैं। स० १७३६ से आप पाटण में अधिक रहने लगे थे। बीच में सं० १७३७ में मेड़ता, सं० १७३८ में राधनपुर, स० १७४१ मे राजनगर में रचित रासादि उपलब्ध है एव तीर्थयात्रा के हेतु आप समय-समय पर शत्रुञ्जय (सं० १७४५, स० १७५८), सम्मेतशिखर (सं० १७४४) तारंगा, सोवनगिरि, घुलेवा, नीबाज, नारगपुर, कंसारी, पंचासरा, फलोधी, कापरहेड़ा, गौड़ीजी, चारूप, संखेश्वर आदि स्थानों में पधारे थे पर सं० १७३६ से

१—देखें-दादा जिनकुशलसूरि।

१७६३ तक अन्तिम जीवन पाटण में ही बिताया और स्वर्गवासी भी वहीं हुए थे अतः सं० १७३६ के बाद की कृतियों में गुजराती भाषा का पुट पाया जाना स्वाभाविक ही है।

सुकवि जिनहर्षजी का अपनी कृतियो के निर्माण में प्रधान लक्ष्य सर्व-जन कल्याण का था। इसीलिए प्राकृत, संस्कृत भाषा में आपने एक भी कृति न रचकर समस्त रचनाएं लोकभाषा में ही निर्माण कीं। दीवाली-कल्प बालावबोध, पूजा पंचाशिका एवं मौनेकादशी बाला०—ये तीनों रचनाएं टीका रूप होने से गद्य में हैं, अवशिष्ट छोटी-बडी सभी रचनाएं पद्यात्मक है, जिनकी सख्या बड़ी विशाल है और छोटी रचनाएं तो इस ग्रन्थ के साथ दे दी गई हैं, यहाँ रचना सवतादि उल्लेखयुक्त कृतियों की तालिका दी जा रही है। कवि की सबसे बड़ी रचना १ शत्रुञ्जय माहात्म्य रास है, जो ८५०० श्लोक परिमित है। आपकी समस्त कृतियो का परिमाण सम्भवतः एक लाख श्लोक के लगभग होगा। इतने अधिक रासादि चरित्र काव्य और वह भी केवल लोकभाषा में रचना करने वाले कवि आप एक ही हैं। अतः राजस्थानी-गुजराती के साहित्य स्रष्टाओं में आपका स्थान अत्यन्त गौरवपूर्ण है।

(१) चन्दन-मलयागिरि चौपाई, सं० १७०४ वै० शु० ५ गुरु गा० ३७२ (सं० नं० ४२०४)

(२) कुसुमश्री महासती चौपाई ढा० ३१ सं० १७०७ मि० ब० ११ गा० १०३४ (सं० १३२०)

(३) गजसिंह चरित्र चौ० सं० १७०८ पत्र ३६

(४) विद्याविलास रास सं० १७११ श्रा० सु० ६ सरसा, ढाल ३०

(५) उपदेश छत्तीसी सबैया (हिन्दी) सं० १७१३ सवैया ३६

(६) मंगलकलश चौ० सं० १७१४ श्रा० सु-६ गुरु० ढाल २१

(७) गजसुकुमाल चौ० सं० १७१४ आ० सु० १ कुजवार पत्र ५ डूंगरसी भण्डार, जैसलमेर

(८) नन्द बहुत्तरी-विरोचन मेहता वार्ता (हिन्दी) सं० १७१४ कार्तिक, वील्हावास दोहा ७३

(९) मृगापुत्र चौ० संधि सं० १७१५ मा० व० १० साचौर (उत्तराध्ययन से)

(१०) मत्स्योदर रास सं० १७१८ भा० सु० ८ बाहड़मेर ढा० ३३ गा० ७०२

(११) जिन प्रतिमा हुँडी रास सं० १७२५ मिगसर गा० ६७

(१२) विहरमान वीसी स० १७२७ चै० सु० ८ गा० १४४

(१३) कापरहेड़ा पार्श्व स्त० गा०-७

(१४) आहार दोष छत्तीसी सं० १७२७ आषाढ़ बदि १२ गा० ३६

(१५) वैराग्य छत्तीसी सं० १७२७ लि० गा० ३६

(१६) रात्रिभोजन रास (हंस केशव चौ०) सं० १७२८ आ० सु० १२ राधनपुर पत्र १६ बद्रीदास संग्रह

(१७) शील नवबाड सं० १७२६ भा० ब० २ ढाल ११

(१८) दोहा मातृका बावनी (हिन्दी) सं० १७३० आषाढ सु० ६

(१९) नेमि बारहमासा सं० १७३२

(२०) सम्यक्त्व सत्तरी सं० १७३६ भा० सु० १० पाटण

(२१) कापरहेड़ा पार्श्ववृद्धस्त० गा० ११

(२२) ज्ञातासूत्र सज्झाय सं० १७१६ फाल्गुन ब० ७ पाटण ढाल १६

(२३) दशवैकालिक १० अध्ययन गीत सं० १७३७ आ० सु० १५ मेड़ता गा० २०८

(२४) शुकराज चौ० सं० १७३७ मि० सु० ४ पाटण, ढाल ७५ गा० १३७६ (श्राद्धविधि से०)

(२५) श्री आदिनाथ स्त० गा० २८ सं० १७३८ राधनपुर

(२६) चौबीसी (हिन्दी) सं० १७३८ फा० बदि १ गा० ७५

(२७) जसराज बावनी (हिन्दी) सं० १७३८ फा० ब० ७ गुरु सवैया ५७

(२८) श्रीपाल चौपाई सं० १७४० चै० सु० ७ पाटण ढाल ४६

(२६) रत्नसिंह राजर्षि रास (उपदेशमाला रत्नप्रभ टीका से) सं० १७४१ पो० ब० ११ पाटण, ढाल ३६ गा० ७०६

(३०) अयवन्ती सुकुमाल स्वा० गा० १०२ ढाल १३ सं० १७४१ वै० (आ०) सु० ८ राजनगर

(३१) श्रीपाल रास (लघु) सं० १७४२ चै० ब० १३ पाटण गा० ७७१ (३०१)

(३२) कुमारपाल रास सं० १७४२ आश्विन सु० १० पाटण, ढाल १३० गा० २८७६

(३३) समेतशिखर यात्रा स्तवन सं० १७४४ चै० सु० ४ गा० ६

(३४) चन्दन-मलयागिरि चौ० सं० १७४४ श्रा० सुदी ६ गु० (सं० १७४५ पाटण में स्वयं लि०) ढाल २३ गा० ४०७

(३५) हरिश्चन्द्र रास सं० १७४४ आ० सु० ५ पाटण, ढाल ३५ गा० ७०१ (भावदेवसूरि कृत पार्श्वनाथ चरित्र से)

(३६) अमरसेन वयरसेन रास स० १७४४ फा० सु० २ बुध, पाटण

(३७) उत्तमकुमार चरित्र सं० १७४५ आश्विन सुदि ५ पाटण, गा० ५८७ ढाल २६

(३८) शत्रुञ्जय यात्रा सं० १७४५ मौनेकादशी

(३९) बीसी स० १७४५ वै० सु० ३ गा० १३७ ग्र० १६४

(४०) उपमिति-भव-प्रपंचा (कथा) रास सं० १७४५ ज्ये० सु० १५ पाटण ढाल १२७ गा० ४३००

(४१) हरिबलमच्छी रास सं० १७४६ आ० सु० १ बु० पाटण, ढाल ३२ गा० ६७६ (जीवदया विषये; वर्द्धमान-देशना से)

(४२) यशोधर रास—स० १७४७ वै० सु० ८ पाटण, ढा० ४२ गा० ८८८ ग्र० ११६६

(४३) वीस स्थानक (पुण्यविलास) रास—स० १७४८ वै० सु० ३ पाटण ढाल १३२, गा० ३२८७ ग्र० ५०२५ (विचारामृत सग्रह से)

(४४) मृगांकलेखा रास—स० १७४८ आषाढ ब० ६ पाटण,ढाल ४१

(४५) सुदर्शन सेठ रास—स० १७४९ भा० सु १२ पाटण, ढा० २१ गा० ३८२ ग्र० ५५२ स्वयं लि० (योगशास्त्रटीकासे)

(४६) अमरदत्त मित्रानद रास—स० १७४९ फा० ब० २ सोम, पाटण, ढाल ३९ ग्रं० ११५० गा० ८५० (शांतिनाथ चरित्रसे)

(४७) ऋषिदत्ता रास—सं० १७४९ फा० ब० १२ बुध, पाटण, ढाल २४ गा० ४५७ स्वयं लि०

(४८) गुणकरण्ड गुणावली रास—सं० १७५१ आश्विन ब० ७ पाटण
ढा० २६ ग्रं० ६०५ हमारे सग्रह मे

(४९) महाबल मलयसुन्दरी रास—सं० १७५१ आ० सु० १ पाटण
ढाल १४२ प्रस्ताव ४ (जयतिलकसूरिकृतचरित्र से)

(५०) अजितसेन कनकावती रास—सं० १७५१ माघ ब० ४ पाटण,
ढाल ४३ गा० ७५८ ग्रं० १०१४

(५१) दीवालीकल्प बालावबोध—सं० १७५१ चै० सु० १३ पाटण
मे लि० (जिनसुन्दरसूरिकृत से)

(५२) शत्रुञ्जय माहात्म्य रास—सं० १७५५ आषाढ ब० ५ पाटण,
खड ९ गा० ६४५० ग्रं० ८५६८ स्वय लि० (धनेश्वरसूरिकृतसे)

(५३) सत्यविजय निर्वाण रास—स० १७५६ माघ सु० १० पाटण,
(जैन ऐ० रासमाला भाग १ में प्र०)

(५४) रत्नचूड रास—सं० १७५७ आश्विन सुदि १३ शुक्र, पाटण
ढाल ३१ गा० ६२७ ग्र० ८९७

(५५) अभयकुमार रास—सं० १७५८ श्रा० सु० ५ सोम, पाटण,
ढाल ११

(५६) शीलवती रास—स० १७५८ भा० सु० ८ गा० ४८० स्वयं लि०

(५७) शत्रुजय यात्रा स्त० स० १७५८ फाल्गुन ब० १२ गा० १४

(५८) रात्रिभोजन परिहार (अमरसेन जयसेन) रास—सं० १७५९
आषाढ़, ब० १ पाटण, ढाल २५ गा० ४७७

(५९) रत्नसार नृपरास—स० १७५९ प्र० श्रा० ब० ११ सो० पाटण
ढाल ३३ गा० ६०४

(६०) वयरस्वामी चौ०—सं० १७५६ आश्विन सु० १ ढाल १५
हमारे संग्रह में नं० ४०२६

(६१) कलावती रास—सं० १७५६ पाटण ढाल १६ गा० ३२८

(६२) रत्नशेखर रत्नवती रास—सं० १७५६ माघ सु० २ ढाल ३६, गा० ७७०

(६३) स्थूलिभद्र स० स० १७५६ आ० सु० २ पाटण, ढाल १७ गा० १५१ स्वयं लि०

(६४) जंबू स्वामी रास—सं० १७६० ज्ये० ब० १० बुध, पाटण, ४ अधिकार ढाल ८० गा० १६५७ ग्रं० २०७५

(६५) नर्मदासुन्दरी स०—स० १७६१ चै० ब० ४ सो० पाटण, ढाल २६ गा० २१४ ग्रं० २७० स्वयं लि०

(६६) आरामशोभा स०—सं १७६१ ज्ये० सु० ३ पाटण, ढाल २१ गा० ४२६ स्वयं लि०

(६७) श्रीमती रास—सं० १७६१ माघ सु० १० पाटण, ढाल १४ गा० ८६६

(६८) वासुदेव रास—सं० १७६२ आसोज सु० २ पाटण, ढा० ५० गा० ११६३

(६९) स्नात्र पूजा पंचाशिका बालावबोध—सं० १७६३ लि०

(७०) नेमि चरित्र—सं० १७७१ (?) आषाढ सु० १३ पाटण, ४ खंड गा० १०७८ पत्र ३३ स्वयं लि०

(७१) मेघकुमार चौ० (७२) चित्रसेन पद्मावती चौ० (७३) चौबोली कथा (७४) ज्ञानपंचमी कथा बाला० आदि प्रचुर कृतियां उपलब्ध हैं। इस ग्रंथ में भी बहुतसी रचनाएं प्रकाशित की जा रही हैं।

सद्गुण और स्वर्गवास

उपर्युक्त दीर्घ रचना-सूची से स्पष्ट है कि आप निरन्तर साहित्य निर्माण में ही अपना समय व्यतीत करते थे। आप स्वाभाविक काव्य-प्रतिभा सपन्न थे और आपकी लेखनी आविश्रान्त गतिसे चलती रहती थी। इसी प्रकार सयम साधना में भी आप निरंतर उद्यत थे। आपके व्रत, नियमादि अन्तिम अवस्था तक अखण्ड रहे। आपके अनेक सद्गुणों में गुणानुरागिता भी उल्लेखयोग्य है जिसके उदाहरण स्वरूप तपा गच्छीय पन्यास सत्य-विजय का निर्वाणरास बनाया। आप प्रकाण्ड विद्वान होते हुए भी अहङ्कार त्यागकर निर्लेप व निरपेक्ष रहते थे। अपनी रचनाओं में कही पाठक, वाचक या कवि शब्द तक का प्रयोग नही किया जिससे आपमें आत्म-श्लाघा या अभिमान का अभाव प्रतीत होता है। संवत् १७६३ से १७७६ (?) के बीच व्याधि उत्पन्न होने से आपकी सेवा सुश्रूषा तपागच्छीय मुनिराज श्री वृद्धिविजयजी ने बड़ी तत्परता से की और अन्तिम आराधना भी उन्होंने ही करवायी थी। श्रावकों ने अन्तिम देहसंस्कार बड़ी भक्तिपूर्वक किया इस विषय में हमारा "ऐतिहासिक-जैन-काव्य संग्रह" देखना चाहिए। आपका स्वर्गवास पाटण में हुआ था संभव है वहां उनके चरणपादुके स्तूपादि भी हो तथा उनके संबन्ध में गीत, भास आदि ऐतिहासिक सामग्री भी अन्वेषण करने पर प्राप्त हो।

गुरु-भ्राता एवं शिष्य-परिवार

आपके गुरु श्री शान्तिहर्षजी के आपके अतिरिक्त निम्नोक्त अन्य शिष्यों का उल्लेख पाया जाता है।

१· शान्तिलाभ (ठाकुरसी)—इनकी दीक्षा सं० १७०७ फाल्गुन बदि १ को मेडता में श्री जिनरत्नसूरिजी के द्वारा हुई थी।

२· सौभाग्यवर्द्धन (सांगा)—इनकी दीक्षा सं० १७१३ अक्षय तृतीया को श्रीजिनचन्द्रसूरि द्वारा हुइ थी।

३· लाभवर्द्धन (लालचन्द)—इनकी दीक्षा भी सं० १७१३ अक्षय तृतीया के दिन सीरोही में श्रीजिनचन्द्रसूरिजी द्वारा हुई। ये राजस्थानी के अच्छे कवि हुए हैं, इनकी निम्न रचनाएं उल्लेखनीय हैं।

(१) विक्रम चोपाई (नोसौ कन्या खापराचोर-पंचदड)—स० १७२३ भा० सु० १३ जयतारण, खंभात सघ आग्रह

(२) लीलावती रास—सं० १७२८ काती सु० १४ सेत्रावा

(३) लीलावती (गणित) रास—सं० १७३६ आषाढ बदि ५ बुध, बीकानेर।

(४) धर्मबुद्धि रास—सं० १७४२ सरसा

(५) स्वरोदय भाषा दोहा—सं० १७५३ भादवा सुदि अक्षयराज हेतवे।

(६) पाण्डव चोपाई—सं० १७६७ वील्हावास ग्रन्थ ३७६५

(७) शकुनदीपिका चौ०—सं० १७७० वै० शु० ३ गुरु ग्रं० ५६४ अध्याय ५

(८) चाणक्य नीति।

(९) विक्रम पंचदंड चौ० सं० १७३३ फाल्गुन

(१०) छन्दोत्तम (संस्कृत छंद ग्रंथ)

(११) नीसाणी अजितसिंह—सं० १७६३।

इनके अतिरिक्त मूर्ख सोलही, छिनाल पचीसी आदि कृतियां भी आपकी ही संभवित है।

४ सौख्यधीर (सुखा)—इनकी दीक्षा सं० १७४६ माघ सुदि ११ बीकानेर में श्री जिनचन्द्रसूरिजी द्वारा हुई।

५ सोमराज (श्यामा)—इन्हें श्री जिनचन्द्रसूरिजी ने सं० १७४७ फा० ब० ७ को बीकानेर में दीक्षित किया था।

६ विद्याराज (वीठल)—इनकी दीक्षा भी उपर्युक्त सोमराज के साथ हुई थी।

७ सत्यकीर्त्ति (सुन्दर)—इनकी दीक्षा सं० १७५२ फाल्गुन बदी ५ को बीकानेर में श्री जिनचन्द्रसूरिजी द्वारा हुई थी।

८ सजयकीर्त्ति (साऊ)—इनकी दीक्षा उपर्युक्त सत्यकीर्त्ति के साथ ही हुई थी।

सुकवि जिनहर्षजी के शिष्य सुखवर्द्धनजी (सभाचन्द) हुए, जिन्हें वि० सं० १७१३ वै० सु० ३ के दिन सिरोही में श्री जिनचन्द्रसूरिजी ने दोक्षित किया था। सुखवर्द्धन के शिष्य दयासिंह हुए जिनका गृहस्थ नाम डाबर था। इनकी दीक्षा सं० १७३६ वै० ब० १३ को नागौर में श्री जिनचन्द्र सूरिजी के हाथ से हुई थी। आपके शिष्य उपाध्याय रामविजय (रूपचन्द्र) बड़े विद्वान हुए। इन्हें सं० १७५५ मिती बैसाख सुदि २ वील्हावास में श्री जिनचन्द्रसूरिजी ने दीक्षित किया था। ये उपाध्याय क्षमाकल्याणजी के विद्या-गुरु थे। आपके बनाये हुए लगभग २८ ग्रन्थ उल्लेखनीय हैं। इनके सम्बन्ध में 'अनेकान्त' व 'सप्त सिन्धु' में प्रकाशित मेरा लेख देखना चाहिए।

उपर्युक्त रामविजयजी के शिष्य वा० पुण्यशीलगणि के शि० वा० समयसुन्दरगणि के शिष्य वा० शिवचन्द्र गणि (शम्भूजी) भी अच्छे विद्वान हुए हैं। इसी परम्परा में जयपुर के यति श्यामलालजी हुए जिनके शिष्य और खरतरगच्छ की भट्टारक शाखा के पट्टधर श्री जिनविजयेन्द्र सूरिजी बड़े प्रभावशाली हुए जिनका दो वर्ष पूर्व स्वर्गवास हुआ है।

जिनहर्षजी की परम्परा—क्षेम शाखा मे अनेक विद्वान हो गए हैं। उनके गुरुभ्राता आदि की परम्परा भी लम्बे समय तक चलती रही है जिनकी नामावली हमारे पास है, पर विस्तार भय से उसे नही दिया जा सका।

—अगरचंद नाहटा

अनुक्रमणिका

१ चौवीसी (१)

(सं० १७३५ लि०)

चौवीसी (२)

(सं० १७३८ फा० व० १ रचित)

३ विहरमान वीशी (१)

४ विहरमान वीशी (२)

आदिनाथतीर्थ स्तवन—

(२) अजितनाथ

महावीर—

चार मंगल—

सज्झाय संग्रह

चौवीशी

श्री ऋषभ-जिन-स्तवन

राग-ललित

देख्यौ रे ऋषभ जिणंद तब तैरे[1] पातिक दूरि गयौ ।
प्रथम जिणंद चंद कलि सुरतरु कंद,
सेवे सुरनर इंद आनंद भयौ ॥१॥दे०॥

जाकी महिमा कीरति सार प्रसिद्ध बढ़ी संसार,
कोऊ न लहत पार जगत नयौ[2] ।
पंचम अरै में आज जागे ज्योति जिनराज,
भव सिंधु को जिहाज आणि के ठव्यो ॥२॥दे.॥

बण्यो अदभुत रूप मोहनी छबि अनूप,
धरम कौ साचौ भूप प्रभुजी जयौ ।
कहइ जिन हरखित नयण भरि निरखित,
सुख घन वरषित इलि उदयौ ॥३॥दे.॥

श्री अजित-जिन-स्तवन

राग-वेलाउल

मेरो लीन भयौ मन जिन सेती ।
उमगि उमगि मग चलत सनेही,

१ मेरो, २ नयो,

निशदिन ऊठि करण जेती ॥१॥मे.॥

कूरम नयण निहारो प्रभुजी,
करूं वीनति हूं[1] केती ।
अपणौ जानि आणि मन करुणा,
अरज सुणौ मेरी एती ॥२॥मे.॥

ज्ञान भोर प्रगट्यो घट भीतर,
अब मेरी मनसा चेती ।
कहै जिनहरख अजित जिनवर कुं,
निकट राखि मांजउ छेति ॥३॥मे.॥

श्री संभव-जिन-स्तवन

राग-आशावरी

बहुत दिनां थी मैं साहिब पायौ,
भाग बड़े चित चरणै लायौ ।ब.।
पूरब भव सब पाप खपायौ,
समरण आगैवांणी आयौ ॥१॥ब.॥

रसना रस वसि जिन गुण गायौ,
नयन वदन देखत ही सुहायौ ।ब.।
श्रवण सुयश सुणि हरख बढायौ,
कर दोऊ पूजन प्रेम सबायौ ॥२॥ब.॥

१ अब.

तैं मेरो मन किम मैं छिनायौ,
सो फिरकै मेरै पासि नायौ ।ब.।
आशा पूरण विरुद कहायौ,
कहै जिनहरख संभव जिन भायौ ॥३॥ब.॥

श्री अभिनन्दन-जिन-स्तवन

राग-सामेरी

मेरो एक संदेशो कहियौ ।
पाइ परूं मन वीर वटाऊ,
बिच में विलम्ब न रहीयौ ॥१॥मे.॥
खूनी खून घणा मंई कीना,
सुप्रसन्न होइ कै सहीयौ ।
निगुणौ तो पण तेरो चेरौ,
मोकुं ले निरवहीयौ ॥२॥मे.॥
भव सायर में बूहै जेहूँ,
करुणा करि कै[1] गहियौ ।
अभिनन्दन जिनहरख सामेरी,
आरति चित्ता दहीयौ ॥३मे.॥

श्री सुमति-जिन-स्तवन

राग-वैराडी

समरि समरि सुख लालची मनां ।

जाकै नाम होइ साता, अन्तर जामी विख्याता,
सुमति कौ दाता भलो सुमति जिनां ॥१॥स.॥
पंचम जिणंद नीकौ, सिद्धि वधू सिर टीकौ,
जग यश प्रभुजी कौ, त्रय भुवनां ।
एक तूं मेरइ आधार, कहा कहूं बारबार,
सार करि करतार, लेखवि कै अपना ॥२॥
जिंद ते अधिक प्यारो, जाको नाम मंत्र भारौ,
भुजंग संसार वारौ, दूर दुख हरनां ।
कहै जिनहरख सुं, प्रभु के निकट वसुं,
वैरादि के राग नसुं, मेरे कोऊ कामनां ॥३स.॥

श्री पद्मप्रभु-जिन-स्तवन

राग-कन्हरौ

पदम प्रभु सूरति त्रिभुवन मोहै ।
नयन कमल अणियारे ता बिच,
तारिका सिली मुख सोहै ॥१प.॥
वदन चंद अमित गुण मंगल,
सोह अधिक अधिरोहै ।
भाव भगति इक चित देखत ही,
कामदुधा घरि दोहै ॥२प.॥

तूं सब जाणै अन्तर गति की,
मेरे मन में जोंहै ।
पर उपगारी साहिब समवरि,
कहै जिनहरख न कोहै ॥३५॥

श्री सुपार्श्व-जिन-स्तवन

राग-केदारो

दोइ कर जोरि अरज करुं अरिहंत ।
आगम वचने न चल्यो जेहै,
तरिहुं क्युं भगवंत ॥१दो.॥
धरम कौ मरम न पायौ इतना,
दिन तिण भमही भमंत ।
दुख पायौ प्रभु चरणै आयो,
अब तारो गुणवंत ॥२दो॥
सांमि सुपास महिर करि मुझ सुं,
तुम हौ चतुर अनंत ।
कहै जिनहरख भवो भव संचित,
के दारुण दुःख जंत ॥३दो.॥

श्री चन्द्रप्रभु-जिन-स्तवन

राग-नट्टी

देखेरी चन्द्रप्रभु मैं चंद समान ।
जा तन की छबि शीतल अनुपम,

चित चकोर सुख दान ॥१दे.॥

यह अधिकाई घटत न कबहूँ,
बढत ज्योति असमान ।
पाप तिमिर चूरन निकलंकित,
मदन विरह अपमान ॥२दे.॥

दुई पख पूरण अस्तंगत कब,
होइ न कला निधान ।
कहै जिनहरख ईश नट नागर,
करत सदा गुण गान ॥३दे.॥

श्री सुविधि-जिन-स्तवन

राग—काफी

मेरा दिल लगा सांई तेरा नाम सु ं ।
और कछु न सुहावै मौकु ं,
चित्त न लागै काम सु ं॥१मे.॥

राखि राखि निज शरणै साहिब,
वीनती करु ं मोरा स्वाम सु ं ।
झटकि छुराइ पाय परु ं अब,
जनम जरा दुःख धाम सु ं ॥२मे.॥

एक तू ं ही आधार जीइका,
चाह धरु ं गुण ग्राम सु ं ।

सुविध नाथ जिन हरख प्रभु मोहि,
दीजै शिव सुख माम सुं ॥३मे.॥

श्री शीतल-जिन-स्तवन

राग-तोड़ी

जब तै मूरति दृष्टि परी री ।
कूर कहुँ तौ तेरी ही सुं,
तब तैं छतियां मेरी ठरी री ॥१ज.॥
